[This question paper contains 6 printed pages.]

**1244**

*Your Roll No.* ............

आपका अनुक्रमांक ________

**LL.B.**

**III Term** **JS**

Paper LB-3031

BUSINESS ASSOCIATION – I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :- इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt* **five** *questions including Q. No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

अनिवार्य प्रश्न क्रमांक 1 सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिए।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. Attempt briefly any **four** of the following :

   (a) Nomenclature of limited liability partnership firms

   (b) Designated partners

   (c) Introduction of a new partner in the existing firm

   (d) Partnership at will

   (e) Contents of the application for registration of a partnership firm

   निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

   (क) सीमित दायित्व वाली भागीदारी फर्मों की नामपद्धति।

   (ख) अभिहित भागीदार।

   (ग) विद्यमान फर्म में एक नए भागीदार का प्रवेश।

   (घ) इच्छाधीन भागीदारी।

   (ङ) भागीदारी फर्म के रजिस्ट्रीकरण हेतु अर्जी की अन्तर्वस्तु।

2. Distinguish limited liability partnership from partnership and company. Do you think that the limited liability partnership as regulated by The Limited Liability Partnership Act, 2008 may be viewed as an alternative corporate business vehicle that provides the benefits of limited liability but allows its members the flexibility of organizing their internal structure as partnership based on a mutually arrived agreement ?

   सीमित दायित्व भागीदारी को भागीदारी और कम्पनी से विभेदित कीजिए। क्या आप मानते हैं कि सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008

द्वारा यथा विनियमित सीमित दायित्व भागीदारी को कॉरपोरेट व्यवसाय के ऐसे वैकल्पिक वाहन की दृष्टि से देखा जा सकता है जो सीमित दायित्व के फायदे तो जुटाता है किन्तु अपने सदस्यों को किसी परस्पर हुए समझौते पर आधारित भागीदारी के रूप में अपनी आन्तरिक संरचना को संगठित करने हेतु लचीलेपन की अनुमति भी प्रदान करता है ?

3. Consider the following situations and answer whether a partnership is created in them :–

(a) An agreement amongst A, B, and C is concluded whereby A and B give away the power of control, management and all profits of the partnership firm established by A and B to C until the credit given by C is repaid.

(b) Three companies A, B, and C enter into an agreement to carry on a sugar mill business whereby companies A and C would have share in the profits earned by the firm. Company B would be given no share in the profit. Company B was neither given any powers to pledge the property of the firm, nor to take any loan on behalf of the firm. Company A possesses 100% shares of company B.

Are A, B and C partners in the above two situations ?

निम्नलिखित स्थितियों पर विचार कीजिए तथा उत्तर दीजिए कि क्या उनसे किसी भागीदारी का सृजन हुआ है :-

(क) A, B और C के बीच करार सम्पन्न हुआ जिसके द्वारा A तथा B अपने द्वारा स्थापित भागीदारी फर्म के नियंत्रण की शक्ति,

प्रबन्धन तथा उसके सभी लाभों को तब तक C को दे देते हैं जब तक C द्वारा दी गई उधारराशि का पुनर्भुगतान नहीं कर दिया जाता है ।

(ख) तीन कम्पनियां A, B तथा C चीनी मिल व्यवसाय करने के लिए एक करारनामा करने को सहमत हो जाती हैं जिसके द्वारा A तथा C कम्पनियां फर्म द्वारा अर्जित लाभों में हिस्सा प्राप्त करेंगी। कम्पनी B को लाभ में कोई हिस्सा प्राप्त नहीं होगा । कम्पनी B को न तो फर्म की सम्पत्ति को गिरवी रखने और न ही फर्म की ओर से ऋण लेने का कोई अधिकार नहीं दिया गया था । कम्पनी A के पास कम्पनी B के 100% शेयर हैं ।

क्या उपर्युक्त दोनों स्थितियों में A, B तथा C भागीदार हैं ?

4. A partnership business is carried on by X, Y and Z in a building belonging to X in a posh colony of Delhi. After 10 years, the partnership is dissolved. Y and Z claim that the appreciation in the price of the building more than 15% per annum should be included in the credit side of partnership account. Will they succeed ? Discuss on the basis of the law on property of the firm as laid down in Indian Partnership Act, 1932 and decided cases.

दिल्ली की एक पॉश कॉलोनी में X के एक मकान में X, Y और Z द्वारा एक भागीदारी व्यवसाय किया जा रहा है । 10 वर्ष बाद भागीदारी विघटित हो गई । Y तथा Z मांग करते हैं कि भवन के प्रतिवर्ष 15% से अधिक के हुए मूल्यवर्धन को भागीदारी लेखा के जमा पक्ष में शामिल किया जाए । क्या वे सफल होंगे ? भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 तथा विनिश्चित केसों में फर्म की सम्पत्ति के बारे में यथा अधिकथित विधि के आधार पर विवेचन कीजिए ।

5. "Even if a person is not a partner in a firm, he can be assumed to be a partner of that firm, if he holds out himself or otherwise as a partner of that firm to the outside world." Comment on the basis of law on the point and decided cases. Is there any difference between limited liability firm and other firms on the question of holding out ?

"चाहे कोई व्यक्ति किसी फर्म में भागीदार नहीं है तो भी यदि वह स्वयं को या अन्य को बाहरी दुनिया को उक्त फर्म का भागीदार होने का व्यपदेशन करता है तो उसे उक्त फर्म का भागीदार माना जा सकता है।" इस बिन्दु पर विधि और विनिश्चित केसों के आधार पर टिप्पणी लिखिए। क्या व्यपदेशन के प्रश्न पर सीमित दायित्व फर्म तथा अन्य फर्मों के बीच कोई अन्तर है ?

6. Can a partnership business be compulsorily wound up after its dissolution ? What is the nature of continuing authority of partners for the purposes of winding up ?

क्या किसी भागीदारी व्यवसाय को इसके विघटन के पश्चात अनिवार्यतः परिसमाप्त किया जा सकता है ? परिसमापन के प्रयोज़नों हेतु भागीदारों के जारी रहने वाले प्राधिकारों का क्या स्वरूप होता है ?

7. Is registration of a firm necessary ? Explain.

If the partnership agreement, *inter alia,* includes reference of future disputes to arbitration, can the court entertain a petition by a partner of that firm to appoint an arbitrator if the firm is unregistered ?

क्या किसी फर्म का रजिस्ट्रीकरण आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए कि यदि भागीदारी करारनामे में अन्य बातों के साथ भावी विवादों को माध्यस्थम को संदर्भित करना शामिल हो तो यदि फर्म अरजिस्ट्रीकृत है तब क्या न्यायालय मध्यस्थ नियुक्त करने हेतु उक्त फर्म के भागीदार की याचिका स्वीकार कर सकता है ?

8. (i) What do you mean by "implied authority" of a partner in a partnership firm ? Elaborate.

(ii) Explain the rights and liabilities of principal and agent.

(i) भागीदारी फर्म में किसी भागीदार के "विवक्षित प्राधिकार" से आपका क्या अभिप्राय है ? सविस्तार लिखिए ।

(ii) मालिक तथा एजेन्ट के अधिकारों और दायित्वों को स्पष्ट कीजिए ।